# 20 दिन के लिए रेलवे फाटक बंद, बढ़ी परेशानी

## रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज निर्माण में बरती जा रही लापरवाही, पुलिया में फंस जाते हैं वाहन

अदनान खान

**सलामतपुर, 16 मार्च. सांची जनपद के मुड़ियाखेड़ा रेलवे गेट पर बन रहे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान निर्माण एजेंसी की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है.एजेंसी द्वारा बिना पक्के रोड निर्माण के ही अंडरब्रिज पुलिया की कच्ची रोड से वाहनों को निकाला जा रहा है.जिसकी वजह से कई वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं.ब्रिज निर्माणाधीन एजेंसी द्वारा जो दस गांवों का रास्ता था, उसे भी बिना कोई पूर्व सूचना के 20 दिन के लिए तीन दिन पहले बंद कर दिया गया है.**

फाटक बंद होने से कोई भी बड़े वाहन नहीं निकल पा रहे हैं. इसके साथ ही अंडरब्रिज पुलिया में वाहन फंसने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सोमवार को फाटक बंद होने से कई वाहन अंडरब्रिज पुलिया में दोनों ओर फंस गए.



ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति रोज बनती है. मुड़ियाखेड़ा में रेलवे गेट पर ओवर ब्रिज का काम शुरू हुए काफी समय हो गया है.

निर्माण पूरा होने के बाद इन मार्गों पर पड़ने वाले दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी.लेकिन फिलहाल लोगों की परेशानियां शुरू हो गईं.

बता दें कि भोपाल-बीना तीसरी रेलवे ट्रैक के बाद ट्रेनों की संख्या के साथ उनके फेरे भी बढ़ गए हैं.कई बार रेलवे क्रॉसिंग बंद करनी पड़ती है.कभी-कभी तो तीनों ट्रैक पर पर ट्रेन आने के कारण एक से डेढ़ घंटे तक गेट बंद रहता है. स्थानीय ग्रामीणों राहुल, अंकित, भगवान सिंह और रोहित पटेल ने ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा करने के साथ ही डायवर्जन सड़क को पक्की बनाने की मांग रेलवे विभाग से की है.

> रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्य ने फिलहाल 10 से 15 गांव के लोगों के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है .निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार द्वारा बिना कोई पूर्व सूचना दिए 20 दिन के लिए रेलवे फाटक को 3 दिन पहले बंद कर दिया गया है .आवागमन के लिए खोली गई रेल्वे अंडरब्रिज की कच्ची पुलिया में कीचड़ दलदल होने के कारण वाहन फंस रहे हैं .
>
> **शफीक खान,** उपसरपंच मुड़ियाखेड़ा
>
> सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों और बीमार या गर्भवती महिलाओं को हो रही है, क्योंकि स्कूल वैन और एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पा रही हैं . ग्रामीणों के वाहनों के फंसने के साथ-साथ मोटरसाइकिल चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है .
>
> **बृजेश आदिवासी,**ग्रामीण मुड़ियाखेड़ा

### बच्चों को लेने नहीं पहुंचे स्कूल वाहन

मुड़ियाखेड़ा रेलवे फाटक को बिना सूचना के बंद करने से लगभग दस से पंद्रह गांवों के ग्रामीण परेशान होने लगे हैं . इस रास्ते से मुड़ियाखेड़ा, भरतीपुर, मादा, जोगीपुरा, बेसर, शाहपुर, कालीदांत, भोई कालोनी, झुंडखोह, फूल खेड़ा, रूपनगर सहित अन्य गांवों का रास्ता बंद हो गया है . सोमवार को बच्चों को स्कूल लेने आए वाहन भी गांव तक नही पहुंच सके . वहीं गर्भवती महिलाओं के साथ ही किसान भी परेशान हो रहे हैं .क्योंकि पुलिया में मिनी ट्रक फंसने से रास्ता बंद हो गया है .



# पेयजल संबंधी समस्याएं प्राथमिकता से निपटाएं

▶ **टीएल बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**रायसेन, 16 मार्च. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने समय सीमा वाले विभागीय पत्रों, योजनाओं तथा सीएम हेल्पलाइन निराकरण की विस्तृत समीक्षा की.**

उन्होंने ई-पीएचई से ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु स्थापित किए गए कंट्रोल रूम की जानकारी लेते हुए कहा कि पेयजल समस्या की जानकारी प्राप्त होते ही त्वरित निराकरण किया जाए.

कलेक्टर ने सभी एसडीएम से भी विकासखंड स्तर पर पेयजल समस्या संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु गठित कंट्रोल रूम के संचालन की भी जानकारी ली. उन्होंने नरवाई प्रबंधन पर चर्चा करते हुए किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों और नरवाई प्रबंधन के उपायों के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों के निराकरण की समीक्षा में कहा कि आवेदनों का समयावधि में निपटाएं.

## एक नजर में



### कथा में माता-पिता की सेवा का दिया संदेश

**सांईखेड़ा.** ग्राम सियरमऊ में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक सत्यम 'मधुरम' जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए जीवन में माता-पिता के सम्मान और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया . प्रवचन में महाराज ने कहा कि जैसे किसी वृक्ष की जड़ में पानी देने से पूरा वृक्ष हरा-भरा हो जाता है, उसी प्रकार भगवान के सच्चे भक्तों की वाणी और संग से मनुष्य का जीवन सफल और सुखमय हो जाता है . उन्होंने कहा कि मनुष्य यदि जीवन में सच्चे मार्ग पर चलना चाहता है तो उसे संतों के उपदेशों को अपनाना चाहिए . महाराज ने माता-पिता के महत्व पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि यदि माता-पिता दुखी हैं तो संसार के सभी तीर्थों में जाने का भी कोई लाभ नहीं होता .उन्होंने कहा कि सबसे पहले मनुष्य को अपने माता-पिता की सेवा और पूजा करनी चाहिए, उसके बाद ही अन्य कार्य करने चाहिए .माता-पिता की सेवा ही सच्चा धर्म और सबसे बड़ा पुण्य है . कथा के दौरान श्रद्धालु भगवान के भजनों और जयकारों के साथ भक्ति में लीन दिखाई दिए .आयोजन समिति और शाह परिवार द्वारा कथा स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं .



### सिलवानी की छात्रा भव्या जैन का सम्मान

**सिलवानी.** रायसेन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं का जिला स्तर पर सम्मान किया गया . इसी क्रम में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नगर की प्रतिभाशाली छात्रा भव्या जैन पिता सचिन जैन, को कक्षा 10वीं में जिला स्तर पर टॉप करने पर सम्मानित किया .जिला महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से कलेक्टर ने उन्हें शील्ड प्रदान की . .भव्या जैन की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर का नाम भी गौरवान्वित हुआ ह .

### भारतीय किसान संघ की बेगमगंज इकाई का गठन



**बेगमगंज.** भारतीय किसान संघ की बेगमगंज इकाई का गठन किसान नेता भरत पटेल की अध्यक्षता में हुआ . किसान नेता दुर्गा प्रसाद लोधी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया . इसके अलावा उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा , संगठन मंत्री राजेश शर्मा , मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र गौर, सह मंत्री अंशुल शर्मा एवं सदस्यों में जसवंत सिंह पटेल , संतोष पटेल , संतोष गिरी एवं भरत पटेल को भी सर्वसम्मति से चुना गया है .सभी पदाधिकारी को जिला पदाधिकारी में अजय शर्मा एवं महेंद्र सिंह रघुवंशी ने पुष्पमाला पहनकर स्वागत करते हुए बधाई दी .

## वैन में लगी आग, यात्री सुरक्षित निकले

**बाड़ी.** भोपाल-जबलपुर नेशनल हाइवे 45 पर सोमवार को गांव पीपलवाली के पास चलती मारुति वैन में आग लग गई. वैन में सवार तीनों लोगों ने समय रहते निकलकर अपनी जान बचाई. वैन में आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही बाड़ी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया. दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया.गनीमत रही कि वैन में सवार तीनों लोग सुरक्षित बाहर निकल आए. स्थानीय लोगों ने कार सवारों को बाहर निकालने में मदद की. वैन में आग लगने का कारण अभी तक अज्ञात है. कार मालिक ने यह वैन दो महीने पहले ही खरीदी थी.

# तेंदुए ने पहले गाय अब बकरे को बनाया अपना शिकार

▶ **ग्राम बेसर कॉलोनी के ग्रामीणों में दहशत**

**सलामतपुर,16 मार्च. सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेसर कॉलोनी में रविवार रात करीब 9 बजे तेंदुआ घुस आया और ओमप्रकाश के घर से एक बकरे को उठाकर ले गया.**

परिवार के लोग आहट होने पर जब बाहर आए तो देखा कि तेंदुआ बकरे को लेकर जा रहा है. ग्रामीणों ने शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया. बकरा मृत पाया गया. ओमप्रकाश ने बताया कि इससे पहले 2 मार्च को भी उनकी गाय को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया था. इसके अलावा गांव के कई मवेशियों पर भी तेंदुआ हमला कर चुका है.पीड़ित ग्रामीण ने वन विभाग से मुआवजा राशि की मांग की है.

पश्चिम वन क्षेत्र के ग्राम कायमपुर, नरखेड़ा, कुल्हाड़िया और सत्ती गांव सहित आसपास क्षेत्र में तेंदुओं के बढ़ते आतंक से भी ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं. गांव में तेंदुए लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहे हैं.पिछले एक साल में तेंदुआ अब तक 30 मवेशियों पर हमला कर चुका है.ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है.

# छापामारी : 6 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

**बेगमगंज,16 मार्च. घरेलू गैस की किल्लत के चलते काला बाजारी की खबरों को लेकर प्रशासन ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है. नगर की एकमात्र वर्धमान गैस एजेंसी पर सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ लग रही है.एजेंसी संचालक द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिए जाने पर उपभोक्ताओं का गुस्सा बढ़ रहा है.**

इधर उपभोक्ताओं की सुविधा के मद्देनजर प्रशासन ने भी जमाखोरी के खिलाफ कमर कस ली है. होटल संचालकों द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग किए जाने की सूचना पर खाद्य विभाग द्वारा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पूर्णिमा श्रीवास्तव के नेतृत्व में नायब



तहसीलदार विक्रम सिंह की संयुक्त टीम ने नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया. कई होटल एवं मिष्ठान भंडारों का औचक निरीक्षण कर एक रेस्टोरेंट सहित 4 चाय नाश्ता भंडारों की सघन जांच करते हुए 6 स्थानों पर कमर्शियल सिलेंडर की जगह घरेलू रसोई गैस सिलेंडर उपयोग में लेते हुए जब्त किए गए.

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पूर्णिमा श्रीवास्तव ने बताया कि पुराना बस स्टैंड स्थित श्रीराम होटल एवं नया बस स्टैंड पर महाराज मंगोड़ी सेंटर ,नेमा चाउमीन सेंटर , प्रदीप नेमा मुगोड़ी सेंटर से एक - एक एलपीजी घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए. क्रेजी कप्स रेस्टोरेंट से दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं. इसके अलावा कुछ प्रतिष्ठानों पर एक्सपायर डेट की कोल्ड ड्रिंक मिलने पर उसको नष्ट कराया गया . संबंधितों के खिलाफ प्रकरण दर्जकर आगे की कार्रवाई के लिए कलेक्टर को प्रेषित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि पर्याप्त घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध है. नही है.अफवाहों पर ध्यान न दें.

# गौ माता सम्मान यात्रा निकली

**बाड़ी, 16 मार्च.** गौ माता सम्मान आह्वान अभियान यात्रा निकाली गई. यात्रा बाड़ी, बरेली, खरगोन, बमौरी, सिलवानी यात्रा पहुंची. उदयपुरा नर्मदा तट बोरास घाट पर यात्रा का समापन हुआ. बाड़ी मां हिंगलाज मंदिर से गौ माता की पूजा कर यात्रा प्रारंभ हुई. गौ यात्रा में गौ माता राष्ट्र माता के जयकारे लगाए गए. सभी से अनुरोध किया 27 अप्रैल को हो रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान में तहसील कार्यालय में पहुंचें. तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा. इस प्रार्थना पत्र में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की जाएगी.




# किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बेगमगंज , 16 मार्च. भारतीय किसान संघ की बैनर तले किसानों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम ज्ञापन एसडीएम सौरभ मिश्रा को सौंपा.**

ज्ञापन में मांग की है कि गेहूं की सरकारी खरीदी 2700 रुपए प्रति क्विंटल की जाए. सरकारी खरीदी में सर्वेक्षक मनमानी करते हैं उनकी शिकायत होने पर कार्रवाई की जाए. खरीदी 20 मार्च तक शुरू की जाए. जिला सहकारी बैंक रायसेन को यूपीआई से जोड़ा जाए. बेगमगंज कृषि मंडी में शेडों के पास पेयजल की व्यवस्था की जाए. ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिला प्रतिनिधि अजय शर्मा, महेंद्र रघुवंशी , अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद लोधी , राजेश शर्मा , दिनेश शर्मा , धर्मेंद्र गौर , अंशुल शर्मा , जसवंत सिंह पटेल , संतोष पटेल शामिल हैं.

## छेड़छाड़ के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सलामतपुर.** पुलिस ने 2 महीने से छेड़छाड़ के मामले में फरार आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है. सोमवार को थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि फरार आरोपी दीपक अहिरवार पिता बैजनाथ अहिरवार निवासी बेसर कॉलोनी अपने घर आया हुआ है . इस पर पुलिस टीम को बेसर गांव भेजा. पुलिस ने आरोपी दीपक अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया.

## नि :शुल्क नेत्र शिविर में 97 मरीजों की जांच

**सिलवानी.** सिविल हॉस्पिटल में सोमवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया. यह शिविर जिला अंधत्व निवारण समिति एवं आरपी फाउंडेशन के सहयोग तथा भोपाल पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर के सौजन्य से आयोजित किया गया. शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएस पटेल, उप जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरपी तिवारी तथा नेत्र चिकित्सा सहायक नवल किशोर की उपस्थिति में मरीजों की जांच की गई.वहीं शिविर के दौरान 97 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 27 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया. इन मरीजों को बस से पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर, भोपाल भेजा गया.

# किसान जागृति संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**सलामतपुर,16 मार्च. किसान जागृति संगठन ने जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर अपर कलेक्टर मनोज उपाध्यय को मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम एक ज्ञापन सौंपा. संगठन ने कहा कि रायसेन जिला गेहूं उत्पादन जिला है.**

कई किसानों के गेहूं खरीदी का पंजीयन नहीं हो पाया है. ज्ञापन में कहा कि पंजीयन अवधि में सर्वर बंद और डाउन रहा. सर्वर धीमा भी चला. होली, पंचमी और कई शासकीय अवकाश होने के कारण सैंकड़ों किसान पंजीयन करने में वंचित रह गए.किसान जागृति संगठन ने शासन से मांग की है एक सप्पाह के लिए गेहूं पंजीयन साइट खोली जाए, जिससे किसानों का पंजीयन हो सके. किसान जागृति संगठन ने सरकार से मांग की है कि गेहूं का समर्थन मूल्य खरीदी 2700 रुपये प्रति क्विंटल की जाए. राजस्थान में भाजपा शासित सरकार समर्थन मूल्य में गेहूं 2725 रुपए प्रति क्विंटल खरीद रही है. ज्ञापन सौंपने वालों में किसान जागृति संगठन प्रमुख इरफान जाफरी, कार्यालय प्रभारी विजय चौकसे ,जिला महासचिव रामस्वरूप राठौर, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत सांची, दशरथ पटेल तहसील अध्यक्ष खरबई, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह राजपूत, बशीरुद्दीन, नारायण सिंह मीणा, लक्ष्मीनारायण बघेल, मलखान सिंह ठाकुर, नीलेश पटेल, दिलीप सिंह राजपूत, राजीव ठाकुर, अभिषेक ठाकुर आदि शामिल हैं.



▶ **आधे नगर में एक दिन छोड़कर आ रहा है पानी**

▶ **धीमा चल रहा है जलावर्धन योजना का काम**



# जलसंकट ने दी दस्तक

**बेगमगंज, 16 मार्च. गर्मी के दस्तक देते ही नगर में जलसंकट गहरा गया है.नगर पालिका प्रशासन द्वारा समय पर जल सप्लाई की व्यवस्थित ढंग से व्यवस्था नहीं किए जाने से अभी आधे नगर को एक दिन छोड़कर अपनी दिया जा रहा है. वही वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में 2 दिन से पानी की सप्लाई ठप है, जिससे कि नागरिकों में आक्रोश है.**

नगर पालिका परिषद द्वारा विगत तीन साल से नगर में 8 करोड़ की लागत से सेकंड फेस की जलावर्धन योजना का कार्य कराया जा रहा है. योजना का कार्य निर्माण एजेंसी द्वारा धीमी गति से किए जाने के कारण पुरानी बस्ती में पाइपलाइन डालने का कार्य पिछड़ गया है.जगह-जगह सड़कों पर पाइपलाइन डालने के लिए गहरी नालियां बनने से लोगों को आवागमन में भी परेशानी उठाना पड़ रही है. सड़कों को बीच से खोदकर नालियों में पाइप डालने के बाद भी मरम्मत नहीं होने से आज भी सड़के ऊबड़-खाबड़ होकर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है.जबकि कई वार्डों में पाइपलाइन विस्तार का काम मध्यम गति से चल रहा है. लगता है कि इस बार फिर गर्मियों में भारी जलसंकट का सामना नागरिकों को करना पड़ेगा.

> **इनका कहना है**
>
> इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र शर्मा का कहना है कि सब को पर्याप्त पानी सप्लाई किए जाने की व्यवस्था बराबर की जा रही है .जिन वार्डों में एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है, वहां ऐसा फिलहाल पानी की कुछ कमी होने के कारण हो रहा है . लेकिन जल्दी ही व्यवस्था में सुधार हो जाएगा . इस वर्ष किसी को भी पेयजल संकट से नहीं जूझना पड़ेगा।

### पिछले साल गहराया था जलसंकट

गत वर्ष नगर में पेयजल संकट गहरा गया था . एक-एक सप्ताह तक लोगों को पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण हाहाकार मच गया था . नगर पालिका परिषद सहित कलेक्टर को लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए भारी मशक्कत करना पड़ी थी . ऐसे में फिर से वही स्थिति बनने की आशंका व्यक्त की जा रही है, क्योंकि कार्य योजनाबद्ध ढंग से नहीं किए जाने से अभी से पेयजल संकट गहराने लगा है .

**रायसेन में समारोह** ▶ महिलाओं और बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में बताया

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

**रायसेन, 16 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रायसेन स्थित वन परिसर में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं बालिकाओं का सम्मान किया गया. नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन तथा कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा ने समारोह का शुरभारंभ किया. कार्यक्रम में शिक्षा, खेल सहित विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं, महिला अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया.**



साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना सहित अन्य योजनाओं के प्रमाण पत्र, कुपोषण दूर करने हेतु फूड किट वितरण तथा बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत स्वागतम लक्ष्मी योजना अंतर्गत बालिकाओं को स्वागतम लक्ष्मी किट प्रदान की गइ. सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन ने कहा कि सभी अपने बेटों को इस प्रकार संस्कार दें कि वह महिलाओं का सम्मान करें, उनकी मदद के लिए तत्पर रहें. कलेक्टर ने कहा कि आज के समय में सबसे जरूरी है कि हम अगली पीढ़ी को बेहतर इंसान बनाएं. हमें बेटों को भी बेहतर इंसान बनाना है और बेटियों को भी. महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश जैन ने विभाग द्वारा महिलाओं, बालिकाओं के लिए संचालित योजनाओं के बारे में बताया गया. समारोह में कक्षा 12वीं की टॉपर बालिका अदिति बडकुर ने बालिकाओं को शिक्षा का महत्व बताया और शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी सहभागिता के लिए प्रेरित किया. सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं में जिले की टॉप-10 बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया. योजना अंतर्गत पांच-पांच हजार रुपए की राशि, उनके बैंक खाते में अंतरित की जाएगी.



## डायल 112 ने बेहोश युवक को पहुंचाया अस्पताला

**बेगमगंज.** ग्राम बेरखेड़ी माला निवासी राजा कुशवाहा द्वारा अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ पी लेने से वह बेहोश हो गया. सूचना मिलते ही डायल 112 पायलेट जयप्रकाश नारायण अहिरवार, स्टाफ सैनिक धनीराम राज के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और बेहोश राजा कुशवाहा को सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया है. सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है.